# जोधपुर में राज्य स्तरीय बड़ली भैरू पशु मेला की तैयारी शुरू

**जोधपुर**, (कासं)। राज्य के समस्त जिलों में आयोजित किए जा रहे पशु मेलों की श्रृंखला के अंतर्गत जोधपुर जिले को राज्य स्तरीय बड़ली भैरू पशु मेला आयोजित करने का दायित्व प्रदान किया गया है। इसी क्रम में गुरुवार को पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान पशुपालन विभाग रातानाडा जोधपुर में मेले की तैयारियों को लेकर कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलेक्टर (द्वितीय) सुरेंद्र सिंह पुरोहित ने की। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी जोधपुर दक्षिण प्रीतम कुमार भी उपस्थित रहे। यह बैठक प्रथम बार आयोजित किए जा रहे राज्य स्तरीय बड़ली भैरू पशु मेले के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए मेले की समठा व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रमुख रूप से कानून व्यवस्था, परिवहन एवं पथ परिवहन व्यवस्था, जल एवं विद्युत आपूर्ति, राशन एवं चारा व्यवस्था, बैंकिंग सुविधाएं, स्टाफ व्यवस्था, मेला क्षेत्र विकास कार्य, पशु प्रदर्शनी, पशु गोष्ठी, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा पुरस्कार वितरण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

अग्निशमन व्यवस्था, साफ-सफाई, खाने-पीने की सुविधाएं, मोबाइल टॉयलेट्स, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, पशुओं के लिए पेयजल एवं चारे की समुचित व्यवस्था, प्रचार-प्रसार तथा अस्थायी पशु चिकित्सालय की स्थापना जैसे विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेंद्र सिंह पुरोहित ने बैठक में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, पशुओं के लिए चारा एवं पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था, तथा साफ-सफाई एवं अग्निशमन इंतजामों को प्राथमिकता देने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय आयोजन होने के कारण व्यवस्थाएं उच्च स्तर की हों तथा पशुपालकों और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

उपखंड अधिकारी प्रीतम कुमार ने मेले के सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध रूप से दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन एवं पशुपालकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. संजय कृष्ण व्यास ने बताया कि बैठक के दौरान मेले के सुगम एवं सुव्यवस्थित आयोजन एवं संचालन के लिए विभिन्न उप-समितियों के गठन का अनुमोदन किया गया। संबंधित विभागों को स्पष्ट दायित्व सौंपते हुए निर्देश दिए गए कि सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण की जाएं, जिससे राज्य स्तरीय बड़ली भैरू पशु मेला सफलतापूर्वक आयोजित किया जा सके।

बैठक में अतिरिक्त निदेशक क्षेत्र डॉ. मनमोहन नागौरी, डॉ. विपिन कुमार, डॉ. नरेन्द्रसिहं मेडतियां, डॉ. रमेश चौधरी, डॉ. जगजीवनराम मौजूद रहे, साथ ही विशेष आठाह पर डॉ. अरविन्द कुमार पंवार, डॉ. श्रवण वैष्णव ने भी अपने अनुभव साझा किए।

## सूने मकान से 15 तोला सोना चोरी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के शंकर नगर में रहने वाले एक बैंक कर्मचारी के सूने मकान में चोरों ने सैंध लगाकर तकरीबन 15 तोला सोने और कुछ चांदी के आभूषण चोरी कर लिए।

चौहोबो थानाधिकारी ईश्वरचंद पारिक ने बताया कि मामले में पालीवाल पेट्रोल पंप के पीछे शंकर नगर निवासी आशीष कांत पुत्र दिनेशचन्द्र गौतम ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वे मूल रूप से उत्तरप्रदेश के है। उनकी पत्नी उत्तरप्रदेश गई हुई थी। वे उसे लेने के लिए 4 जनवरी को उत्तरप्रदेश गए थे। 7 को लौटे तो पता लगा कि ताले टूटे पड़े है। चोरों ने अलमारी और तिजौरी से 12-15 तोला सोने के आभूषण के साथ चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए।

# झीपासनी गांव में डिस्कॉम सतर्कता दल पर हमला

**जोधपुर**, (कासं)। निकटवर्ती करवड़ स्थित झीपासनी गांव में जोधपुर डिस्कॉम के सतर्कता दल पर हमला हो गया। गांव में एक परिवार की कुछ महिलाओं और बुजुर्ग व्यक्ति ने राजकार्य में बाधा उत्पन्न की। मीटर उखाड़ने पहुंचे दल पर महिलाओं ने बबूल की डंडियों से हमला कर भगा दिया। घटना को लेकर एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। हालांकि इस बारे में बुधवार को पुलिस में मामला दर्ज कराया जा चुका है।

करवड़ पुलिस के अनुसार जोधपुर डिस्कॉम के कनिष्ठ अभियंता कमल किशोर भाटी सतर्कता दल में कार्यरत हैं। वे बुधवार दोपहर 12 से एक बजे के बीच में टीम के साथ झीपासनी गांव में घरेलू उपभोक्ता के बिजली चोरी की सूचना पर दबिश देने मौके पर गए थे। तब मकान मालिक धन्नाराम पुत्र सुरजाराम जाट और उसके परिजनों ने पहले विरोध जताया।

उन्होंने कार्रवाई करनी चाही, तब घर की महिलाओं ने बबूल की लकड़ियों से हमला बोल दिया और पीटने के साथ भगा दिया। खुद धन्नाराम जाट भी डिस्कॉम टीम का विरोध करने लगे। बाद में जैसे-तैसे उन्हें बिना कार्यवाही के निकलना पड़ा।

जेईएन कमल किशोर भाटी की तरफ से राजकार्य में बाधा डाले जाने का प्रकरण दर्ज कराया है। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें साफ तौर पर देखा जा सकता है कि महिलाएं किस तरह से कार्रवाई का विरोध जताने के साथ मारपीट पर उतारू हुई। फिलहाल पुलिस वीडियो और दर्ज केस के आधार पर जांच में जुटी है।

# हाईकोर्ट ने गरीब कैदियों के लिए पैरोल पर नई गाइडलाइन जारी की

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने एक कैदी की चिट्ठी को रिट याचिका मानते हुए अहम फैसला सुनाया है। जोधपुर मुख्य पीठ ने स्पष्ट किया कि गरीबी कोई गुनाह नहीं है। कोर्ट ने पैरोल पर रिहाई के लिए गरीब कैदियों से जमानती मांगने के अधिकारियों के द्वारा यांत्रिक रवैये (मशीनी रवैया या मशीन की तरह व्यवहार करने) पर कड़ी नाराजगी जताई है। जस्टिस अरुण मोंगा और जस्टिस फरजंद अली की खंडपीठ ने अपने रिपोर्टेबल जजमेंट में भविष्य के लिए नई गाइडलाइन जारी करते हुए कहा कि कैदी की आर्थिक स्थिति देखकर ही बॉण्ड की शर्त तय की जाए।

यह मामला सेंट्रल जेल जोधपुर में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी खरताराम से जुड़ा है। कोर्ट ने उसकी चिट्ठी को ही रिट याचिका मानते हुए यह फैसला सुनाया है। इसमें न सिर्फ खरताराम को राहत दी गई है, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए छह सूत्रीय गाइडलाइन भी जारी की है। गत वर्ष छह दिसंबर को कोर्ट ने फैसले को सुरक्षित रख लिया था। अब छह जनवरी को कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनाया।

गौरतलब है कि पाली जिले का रहने वाला खरताराम हत्या के मामले में साल 2014 से सजा काट रहा है। गत वर्ष 29 सितंबर को जिला पैरोल कमेटी ने उसे चौथी बार 40 दिन के नियमित पैरोल पर रिहा करने का आदेश दिया लेकिन, कमेटी ने रिहाई के लिए 25-25 हजार रुपए के दो जमानती पेश करने की शर्त लगा दी।

आर्थिक रूप से बेहद कमजोर और गरीब होने के कारण खरताराम यह शर्त पूरी नहीं कर सका। वकील करने के पैसे नहीं थे, इसलिए उसने जेल से ही पोस्टकार्ड भेजकर हाईकोर्ट से गुहार लगाई। कोर्ट ने पाया कि यह चौथा मौका है, जब इस कैदी को सिर्फ जमानती न दे पाने की वजह से हाईकोर्ट आना पड़ा है। इससे पहले साल 2019, 2020 और 2022 में भी उसे पैरोल मिला था, लेकिन तब भी अधिकारियों ने जमानती की शर्त लगा दी थी। उन तीनों मौकों पर हाईकोर्ट ने शर्त हटाकर उसे निजी मुचलके पर रिहा किया था। इसके बावजूद अधिकारियों ने चौथी बार फिर वही शर्त थोप दी।

कोर्ट ने अपने फैसले में लिखा कि यह एक परेशान करने वाला पैटर्न है। कैदी को अपनी गरीबी के कारण चौथी बार कोर्ट आना पड़ा है। यह अधिकारियों की संस्थागत उदासीनता (सिस्टम की बेपरवाही) को दर्शाता है। पैरोल एक सुधारात्मक अधिकार है, इसे अमीर और गरीब के बीच भेदभाव का जरिया नहीं बनाया जा सकता। कोर्ट ने आगे टिप्पणी में लिखा कि अगर कोई कैदी गरीब है और जमानती नहीं ला सकता, तो उससे जमानती मांगना उसे पैरोल देने से मना करने जैसा ही है। पैरोल केवल पैसे वालों का विशेषाधिकार नहीं हो सकता। कोर्ट ने खरताराम की याचिका स्वीकार करते हुए जिला पैरोल कमेटी के आदेश (25-25 हजार के दो जमानती की शर्त) को रद्द कर दिया। कोर्ट ने निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता को 50 हजार रुपए के निजी मुचलके पर पैरोल पर रिहा किया जाए।

## कला संस्कृति विकास के लिए बजट की मांग

**जोधपुर**, (कासं)। मेला प्राधिकरण और संगीत नाटक अकादमी के पूर्व अध्यक्ष रमेश बोराणा ने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और कला संस्कृति मंत्री दिया कुमारी को पत्र प्रेषित कर मांग की है कि राज्य के बजट वर्ष 2026-27 में प्रदेश की कला साहित्य संस्कृति के समठा उत्थान तथा संरक्षण हेतु प्रभावी निर्णय लेते हुए योजनाओं में पर्याप्त धन राशि प्रदान करें।

बोराणा ने अपने पत्र में लिखा कि राजस्थान एक समृद्ध सांस्कृतिक प्रदेश है, यहां की विविध सांस्कृतिक परम्पराएं, कला व साहित्य समाज का अभिन्न अंग होने के साथ जीवन में उमंग व उत्साह का संचार करने वाले प्रमुख आयाम भी है लेकिन दुख के साथ लिखना पड़ रहा है कि जबसे आपकी सरकार आयी है तब से प्रदेश की सांस्कृतिक गतिविधियें शिथिल व उपेक्षित हो गयी है। राज्य के सृजनधर्मी असहाय महसूस कर रहें है साथ ही बदलती चकाचौंधीय व मशीनी परिवेश तथा आधुनिकता की अंधी होड़ में जहां एक ओर हमारी पारंपरिक लोक संस्कृति व प्रदर्शनात्मक कलाओं का ह्रास हुआ है, वहीं हमारे खान-पान, रहन-सहन व आचार-विचार में भी स्थानीय प्रकृति-पर्यावरणीय अनुकूलता के विपरीत आचरण होने से जीवन मे विसंगतियों का प्रादुर्भाव हुआ है अत: लोक कल्याणकारी सरकार का दायित्व है कि वह समाज में आनंद व प्रसन्नता के भाव की अभीवृद्धी करने की दृष्टि से प्रदेश में सांस्कृतिक सुरक्षा का वातावरण निर्मित करते हुए राज्य के कलाकारों व साहित्यकारों की सामाजिक सुरक्षा व उनके समठा उत्थान हेतु प्रभावी निर्णय लें। राज्य स्तरीय राजस्थान संस्कृति वेब पोर्टल बनाया जाने सहित कई मांगे बताई।

# जटिल आपरेशन व प्रसव के बाद दी प्रसुता को छुट्टी

**जोधपुर**, (कासं)। पांच माह पूर्व पेट में गाठ और बच्चे के साथ मथुरादास माथुर अस्पताल की जनाना विंग मे अजमेर की एक चार माह की गर्भावस्था महिला पांच माह पूर्व पेट मे दर्द की शिकायत के साथ भर्ती हुई थी।

सभी तरह की जांच उपरांत यह पाया गया कि उसके पेट मे बडी गांठ थी जिसकी वजह से बच्चेदानी मे बच्चे का विकास नहीं हो पा रहा था।

जनाना विंग मे डॉ. बीएस जोधा एवं उनकी टीम द्वारा सर्जरी कर 6.327 किलो की गांठ को सफलतापूर्वक बाहर निकाला गया। तत्पश्चात उस महिला के नौ माह होने पर ऑपरेशन कर स्वस्थ बच्चे को निकाला गया। यह एक प्रकार की कठिन शल्य प्रक्रिया थी जिसमे सर्जरी उपरांत बच्चेदानी की लगातार जांच की जाती रही तथा बच्चे का पूर्ण विकास होने पर सिजेरियन द्वारा स्वस्थ बच्ची 2.63 किलो का जन्म हुआ। यह माँ बेटी स्वस्थ है।

डॉक्टर जोधा ने बताया कि इस गांठ की साईज 22 गुणा 18 गुना 16 सेमी. थी जो कि गर्भ के साथ सामान्यत: 8 से 10 लाख गर्भवती महिलाओ मे से एक मे पायी जाती है। यद्यिप 5-7 सेमी. तक की गांठ कई गर्भवती महिलाओ मे होना पाया जाता है। पायल नामक इस महिला की यह पहली डिलवरी थी और उसने अजमेर के अस्पताल से ज्यादा जोधपुर के चिकित्सक समुदाय पर विश्वास किया और उन्होंने भी अपने सभी प्रयास कर सफलता हासिल की। महिला के प्रसव का खर्च माँ योजना में किया गया।

## जोराराम कुमावत पाली दौरे पर

**पाली**, (नि.सं.)। पशुपालन गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत 9 व 10 दिसम्बर को पाली व सुमेरपुर दौरे पर रहेंगे।

निर्धारित कार्यक्रमानुसार कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत 8 जनवरी को प्रातः 6 बजे जयपुर से प्रस्थान कर सुमेरपुर पहुचेंगें तथा रात्रि विश्राम करेंगें। 9 जनवरी को प्रातः 10 बजे सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र. के स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेगें तथा रात्रि विश्राम करेंगें। 10 जनवरी को प्रातः 9.30 बजे सुमेरपुर से पाली के लिए प्रस्थान कर 10.30 बजे क्रीडा भारती पाली द्वारा आयोजित खेल महोत्सव में भाग लेगें। तथा 12.30 बजे पाली से सुमेरपुर के लिए प्रस्थान करेगें तथा दोपहर 1.30 बजे सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र. के कार्यक्रम में भाग लेगें तथा सांय 5 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# कांग्रेसजनों का धरना जारी

**धोरीमना**, (निसं)। गुड़ामालानी के कांग्रेस वरिष्ठ नेता हेमाराम चौधरी व कांग्रेसजनौं का धरना प्रदर्शन छठे दिन गुरुवार को भी जारी रहा।

कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा धरने पर बैठे विगत 6 दिनों से चल रहे धरने प्रदर्शन में जिसमें धोरीमना-गुडामालानी को बाड़मेर से निकाल कर बालोतरा जिले में शामिल करने के खिलाफ चल रहे प्रदर्शन में पूर्व मंत्री हेमाराम चौधरी सहित नेताओ कार्यकर्ता जोश में दिखाई दे रहे हैं। जिसमें लगता है कि स्थानीय जनता किसी अज्ञात भय से शामिल नहीं होने से बाहरी ग्रामीण लोगों को बुलाया जा रहा है। ऐसा धरने प्रदर्शन को देखकर लगता है।

सत्तारूढ जनता पार्टी से भय खाते धोरीमना गुडामालानी के आमजन चोरी छुपे रात को धरने प्रदर्शन में कांग्रेस को समर्थन देने के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसा अनुभव में आ रहा है।

धरने प्रदर्शन में पूर्व मंत्री हेमाराम ने लोगों को धोरीमना गुडा को वापस बाडमेर जिले में शामिल करने का आव्हान कर संघर्ष में शामिल होने की अपील कर रहे थे।

खास बात यह है कि युवा नेत्री सुनीता चौधरी तथा पनाणियों के तला के महंत जगराम पुरी महाराज ने काहा की आवेश में भाषण करते हुए जगरामपुरी महाराज ने भाजपा को आडे हाथों लेते हुए कहा कि राजनीति में किसी का ठेका नही है।

वही विश्व हिंदू परिषद के मार्गदर्शक जगराम पुरी भी भाजपा से भयंकर खपा होकर कह रहे थे कि यह निर्णय समाज को खंड खंड करने जैसा है । सिणधरी क्षेत्र के कांग्रेस नेता सोहनलाल भांम्भू ने कहा कि धोरीमना गुडा बचाओ अभियान में हेमाराम चौधरी अकेले नहीं है पूरा प्रदेश पूरा समाज व कांग्रेस कार्यकर्ता हेमाराम के साथ खडे हैं और जरूरत पडने पर बडा आंदोलन खडा करने में पीछे नहीं हटेंगे। खास बात और मजेदार दिलचस्प बात यह है कि हेमाराम चौधरी ने अपने भाषण में कहा कि गुडा धोरीमना के भारतीय जनता पार्टी के नेता भी मुझे फोन करके कह रहे हैं। हेमाराम आप संघर्ष करो हम आपके साथ हैं। ऐसा अधिकतर भाजपा के नेता हेमाराम का समर्थन करने का भरोसा दिला रहे हैं

ऐसा हेमाराम चौधरी ने अपने भाषण में कहा।

## देहशोषण का केस दर्ज

**जोधपुर**, (कासं)।महिला ने देवर पर देहशोषण किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दी है।

करवड़ पुलिस ने बताया कि एक पीड़िता ने रिपोर्ट दी। इसमें ने बताया कि गत साल उसके देवर ने दुष्कर्म किया गया था। जिसके बाद वह डरा धमका कर यौनशोषण करता रहा। महिला करीब छह सात माह से पीहर में ही रह रही थी और उसने पीहर से संबंधित खेड़ापा थाने में रिपोर्ट दी थी।

# शीतलहर से बचाव के निर्देश

**पाली**, (नि.सं.)। पाली जिले में बढ़ते ठंड के प्रकोप और शीतलहर को देखते हुए सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल ने सभी चिकित्सा संस्थानों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। लगातार मॉनिटरिंग व रोगी की पहचान कर उन्हें राहत देने के निर्देश दिए। आमजन से अपील की है कि वे सावधानी बरतें ताकि ठंड जनित बीमारियों से बचा जा सके।

डॉ. मारवाल ने बताया कि जिले के सभी अस्पतालों में शीतलहर से प्रभावित रोगियों के लिए दवाओं का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित किया गया है। स्वास्थ्य कर्मियों को अर्ली वार्निंग प्रोटोकॉल में त्वरित उपचार के लिए पाबंद किया गया है। उन्होंने बताया कि ठंड से बचने के लिए एक मोटे कपडे के बजाय कपड़ों की कई परतें पहने, यह शरीर की उष्मा बनाए रखने में अधिक सहायक है। ठंडी हवाओं के दौरान यात्रा कम करें और शरीर को सूखा रखें। गीले कपड़े तुरंत बदलें क्योंकि नमी शरीर के तापमान को तेजी से गिरार्ती है। बच्चों और वृद्धों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है, उनका विशेष ख्याल रखें। नियमित अंतराल पर गर्म और पौष्टिक पदार्थों का सेवन करें मादक पदार्थों के सेवन से बचें। हाइपोथर्मिया कंपकंपी को नजरअंदाज न करें। शरीर का तापमान गिरने पर तुरंत कंबल ओढें और गर्म पेय लें। शरीर का हिस्सा सुन्न होने पर मालिश न करें, गुनगुने पानी का उपयोग करें।




## बाइक चोरी के चार प्रकरण दर्ज

**जोधपुर**, (कासं)। कमिश्नरेट में दुपहिया वाहन चोरी की घटनाएं नहीं थम रही। साल का एक सप्ताह गुजर गया है और तकरीबन 40-50 गाडिय़ां चोरी हो चुकी है। पुलिस अब तक चोरों तक नहीं पहुंची है। गत 24 घंटों में बाइक चोरी के चार प्रकरण दर्ज हुए है।

चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड थाने में दी रिपोर्ट में शिव कॉलोनी चांदणा भाखर निवासी रूचिर दायमा पुत्र नरेश कुमार दायमा ने पुलिस को बताया कि 6 जनवरी को वह डीपीएस चौराहा के निकट से उसकी बाइक चोरी हो गइ। दूसरी तरफ प्रतापनगर पुलिस ने बताया कि भूरटिया सूरसागर क्षेत्र में रहने वाले मदनलाल विश्नोई पुत्र मोहनलाल विश्नोई बंगाली क्वार्टर प्रतापनगर क्षेत्र में आया हुआ था। जहां से उसकी बाइक कोई चुरा ले गया। इधर करवड़ थाने में दी रिपोर्ट में मंडलनाथ चौराहा निवासी चैनाराम पुत्र अणदाराम माली ने पुलिस को बताया कि दईजर गांव से उसकी बाइक चोरी हो गई। वहीं भोपालगढ़ के देवातड़ा निवासी राणाराम पुत्र मुल्तानराम मेघवाल बसंत विहार बनाड़ आया था। जहां से बाइक कोई चुरा ले गया। उसने बनाड़ थाने में रिपोर्ट दी।

## जुआ खेल रहे युवक गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं)। कमिश्नरेट पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे कुछ युवकों को पकड़ा और जुआ अधिनियम में केस दर्ज किया।

एयरपोर्ट थाने के एएसआई शिवदानराम ने शिकारगढ़ डिगाड़ी रोड पर एसबीआई बैंक के पास गुब्बाखाई कर रहे सांवरलाल पुत्र हरीराम चौकीदार को गिरफ्तार किया। सदर बाजार थाने के हैड कांस्टेबल रतन सिंह ने निमाज की हवेली के पास गुब्बाखाई कर रहे नासिर खान पुत्र अब्दुल खालिक शेख को पकड़ा। बोरानाड़ा थाने के हैड कांस्टेबल अरविंद कुमार ने मटकी चौराहा रिको बोरानाडा क्षेत्र में नदीम पुत्र इब्राहिम को गिरफ्तार किया।

